श्री कैलाशपति मिश्र : लेकिन प्राइस राइज पर तो उसका असर होता ही है। इसका ध्यान तो आपको भी रखना पड़ेगा । मेरे हिसाब से रुपये की कीमत 10 पैसे रह गई है । साढ़े बारह पैसे भी नहीं है । अभी अक्तूबर महीने में एक पाउंड की कीमत 25 रुपये थी दिसम्बर आते आते 28 रुपये हो गई है । इस गति से हमारे रुपये की कीमत दिन प्रति दिन नीचे गिरती जा रही है । आश्चर्य लग रहा है और मन को कष्ट होता है । रेमेडी के नाते स्टेटमेंट में कुछ मुद्दे गिनाए गए है कुछ पढ़ कर हंसी भी आती है और कुछ मन को तकलीफ भी होती है । चौथा प्वाइंट, आवश्यक वस्तु अधिनियम तथा अन्य इसी प्रकार के कानूनों को कड़ाई से लागू करना । अभी तक धीमे इनको लागू करने के लिए किस ने कहा था? जब बहस होती है तो यह कहा जाता है कि कड़ाई से लागू करेंगे इसका क्या मतलब है ? जब माननीय बैठा जी उत्तर दें तो इसको अवश्य स्पष्ट करें इसकी परिभाषा करें लेकिन उससे भी ज्यादा तकलीफ हो रही है कुछ चीजें आयात होंगी मैं यह चाहता हूं कि इसका उल्लेख किया जाए कि कौन सी चीजें आयात करने जा रहे हैं, चावल, गेहू, दालें या खाद्यान्न आयात करने जा रहे है? मैं यह कहना चाहता हूं कि एक तरफ तो आप बम्पर क्राप की चर्चा कर रहे हैं और 41 वर्ष की आजादी के बाद भी अनाज से पेट भरने के लिए अभी भी हम को विदेशों में भीख का कटोरा लेकर जाना पड़े तो मैं समझता हूं कि इस सरकार को चुल्लू भर पानी में डूब मरना चाहिए । शायद चुल्लू भर पानी भी अधिक है । आत्म निर्भरता कहते किस को हैं ? खाद्यान के मामले में अभी तक हम आत्मनिर्भरता पर नहीं पहुंचे हैं । भारत ने दुनियां को चुनौती दे दी है कि अन्न के मामले में हम आत्मनिर्भर हैं हम किसी के ऊपर निर्भर नहीं करेंगे फिर आप इम्पोर्ट करने की बात कर रहे हैं । राइस इम्पोर्ट गेहू, इम्पोर्ट, दालें इम्पोर्ट कर रहे हैं, यह चक्कर कभी समाप्त होगा या नहीं होगा ? किस आधार पर देश आत्मनिर्भर बनेगा और किस आधार पर आप महंगाई से या इन-फ्लेशन से अपने आप को बचा पायेंगे ? मुझे आश्चर्य लग रहा है । आपने ठीक कहा और मैं भी स्वीकार करता हूं कि यह विषय इनका नहीं है लेकिन क्या सचमुच में हमने मुद्रास्फीति को रोकने के लिए कोई ठोस कदम उठाए हैं ? अभी दुनियां के देशों में दो फेस्टीवल ले कर हम चले गये । उन फेस्टीवल्ज के ऊपर हमारा कितना खर्च हुआ क्या आपको मालूम है ? हमारा 105 करोड़ रुपया खर्च हुआ, मैं यह पूछना चाहता हूं कि इसकी क्या आवश्यकता थी ? हम कम भी तो खर्च कर सकते थे ? इससे कोई राष्ट्र का बड़ा सम्मान बैठता है, दुनियां से कर्ज लो, मुद्रास्फीति पैदा करो, महंगाई बढ़ाओ, बेरोजगारी को बढ़ाओ और दुनियां से नाटक करते चले जाओ कि भारत इतनी प्रगति कर रहा है कि भारत एक एक मेले पर, दो मेलों पर 105 करोड़ रुपये से ज्यादा राशि खर्च करता चला जा रहा है, महोदय, यह गाड़ी ऐसी दलदल में फंस रही है कि संकट ही संकट दिखाई दे रहा है । सुझाव देना भी कई बार व्यर्थ लग रहा है । यह साहस नहीं है कि एक ऐसा चरित्र पैदा करें कि जिसमें एक एक पैसे की कीमत है अंतकरण को यह बोध हो, यह चुभे और एक पैसे का भी अपव्यय न हो इसके लिए कदम उठायें । यह सरकार यह क्षमतापूर्ण रूप से खो चुकी है, इसकी यह क्षमता समाप्त हो

गयी है । मुझे तो यह लगता है कि यह महंगाई भी रुकेगी जब इस सरकार की विदाई होगी । इन्हीं शब्दों के साथ भाषण समाप्त कर रहा हूं ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Dr. Sivaji, only two minutes.

DR. YELAMANCHILI SIVAJI (Andhra Pradesh); There are only throe Members sitting in the House. So, it does not matter much.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): No, no, I am allowing you as a special case. This is a bonus to you.

DR. YELAMANCHILI SIVAJI: Sir, the Minister in his statement has taken shelter under the drought. There are many other things. The main contributing factor for the high prices in the country is the Governmental pricing policy. Several prices including prices of essential common-dities, life saving drugs and even those of nirodhs and pills have been raised. The prices of coal, cement, fertilizer, petrol, steel and drugs are enhanced under the guise of administered prices. So, Government is contributing to the high prices in the country.

The second point is, several words have been mentioned about drought. Drought is not confined to our country only, it is there all over the world, in all the continents. FAO figures from 1974—85 state that there was a drought in a single year in Canada and the fall in cereal production was 15.9 per cent. Due to drought in Australia the fall in cereal production was 43.7 per cent and he has stated that due to drought in a particular year the fall is 36.31 per cent. Likewise, in USSR the cereal production was down by 17.37 per cent. But no other country but ours has shivered so much. We are not expected to find fault with drought for every odd thing of the Government and the Governmental policy, and there it * terrific gap between the raw and the finished product. The price of rice is. very high in this country whereas the price of paddy is not going up. The price of cloth is very high but the-price of cotton is very low and the farmers are suffering. (*Time Bell rings).* Only one minute, Sir. Likewise, same is the position of tobacco, cigarettes, cane, sugar and other things. So, as far as the lean period is concerned, say in the last month the price of chillies in Guntur district was as high as Rs. 5600 per quintal but when the produce was with trie-farmers the price came down to Rs-700 or 800. The Government should take it up and see that something is done. The hon. Mmister has men-tioned that up to 31st October this year raids took place and goods worth Rs. 1044 lakhs were confiscated. This amount comes to about Rs. 10' crores. Why can't you mention this amount as ten crores of rupees? Why can you not express it in figures? Do you think that by expressing as one thousand and forty four lakhs. . . .

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): That all right. Mr. Minister may please reply.

श्री डी० एल० बैठा : उपसभाध्यक्ष महोदय, आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि को लेकर संपूर्ण सदन ने आपन काफी चिंता व्यक्त की है। यह चिंता जो सदन ने की है मैं भी उस चिंता में अपने को शरीक करता हूं। यह जो मूल्य-वृद्धि है, आपने विचार किया होगा कि यह किसी भी प्रगतिशील देश, विकासशील देश, जहां पर मिश्रित अर्थ-व्यवस्था है, वहां मूल्य वृद्धि भी उसका एक अंग होता है। जहां तक आवश्यक वस्तुओं की बात है उसके संबंध में सरकार काफी सजग है। अगर सरकार की सजगता नहीं रहती तो जिस स्थिति से हम गुजरे हैं, सदी का भयंकर सूखा और बाढ़ संपूर्ण देश में थी, कहीं बाढ़ और कहीं सूखा जिससे हम गुजरे हैं

[श्री डी० एल० बैठा]

इससे मूल्य-वृद्धि और भी होती है। हम ऐसा मानते हैं कि हमारी सरकार सजग है इस ओर कि हमारी आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों में अप्रत्याशित वृद्धि न हो और इसलिए जो आंकड़े हैं हम उनको दोहराना नहीं चाहते थे। मगर फिर भी आपने इसकी चर्चा दोबारा की है तो मैं उन्हीं आंकड़ों को फिर से बताऊंगा। आप कहते हैं कि ये आंकड़े कहां से लाते हैं, इन्हीं आंकड़ों पर हम अपना बजट बनाते हैं, इन आंकड़ों को जमा करने का जो स्रोत हमारा है उन्हीं माध्यमों से और गांव के आंकड़े भी उन्हीं माध्यमों से आते हैं और प्राइस इंडेक्स, होल-सेल प्राइस इंडेक्स, कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स या जो भी है यह उत्पादन के सारे आंकड़ हम उन्हीं माध्यमों से मांगते रहे हैं और उसी को देख करके, चाहे हमारी बजट की बात हो या और भी योजना बनाने की बात हो वह सब उन्हीं आंकड़ों पर चलते हैं। अब इन आंकड़ों को आप सही माने या न माने, ऐसा हो सकता है, मगर हम तो उन्हीं पर चलते हैं। उन आंकड़ों के आधार पर मैंने यह दिखाने की कोशिश की है कि जहां तक इन्फ्लेशन का सवाल है हमारे स्वामीनाथन साहब ने तथा कुछ आनरेबल सदस्यों ने 22-10-88 से आंकड़ों को कोट किया और इस तरह से डिफ्रेंस इन्होंने पेश किया है जबकि मैंने 12-11-88 तक का विवरण दिया है जिस समय तक प्राइस इंडेक्स के अनुसार परिस्थिति और सुधरी है। मगर आप अगर 1983 से ले करके देखें, जहां तक इन्फ्लेशन का सवाल है उसके रेट में 1983 में 9.7 परसेंट था, 1984 में 7.2 परसेंट था, 1985 में 4.4, 1986 में 6.4 परसेंट, 1987 में 8.5 परसेंट, 1988 में 6 परसेंट यानी 1985 को छोड़कर बाकी सभी वर्षों से हमारा रेट आफ इन्फ्लेशन कम हुआ है। उसी प्रकार जब हम परसेंटेज का वेरिऐशन होल सेल प्राइस इंडेक्स का लें तो फर्स्ट 33 वीक्स में 1983-84 में 8.1 प्रतिशत, 1984-85 में 6 प्रतिशत, 1985-86 में 3.2 प्रतिशत, 1986-87 में 5.9 प्रतिशत, 1987-88 में 9.1 प्रतिशत और 1988-89 में 4.6 प्रतिशत यानी 1985 के 3.2 प्रतिशत को छोड़कर बाकी सब सालों से कम है। हम आंकड़ों के जाल में नहीं जाना चाहते हैं, हम आपको बताना चाहते हैं और आपने अभी बताया हमारे मित्र जी ने कि इन 40 वर्षों में आपने क्या किया .... । हम

6.00 P M

आपको बताना चाहते हैं कि 40 वर्षों में हमने जो अपना बफर स्टाक बनाया ज्यादा उत्पादन करके, उसी का यह असर था, यह प्रभाव था कि हम सदियों के इतने बड़े अधिक सबसे भयंकर सूखे और बाढ़ से बगैर किसी के यहां हाथ फैलाए उसका सामना हमने किया। आज भी हम इसके लिए दूसरे के यहां नहीं जाते कि हमको कमी है, उसकी पूर्ति करते हैं बल्कि हम मंगाते हैं इसलिए कि अगर कोई आकस्मिक घटना हो जाए, हमारा बफर स्टाक इतना कम रहे कि हम उसका सामना नहीं कर पाये तो भयंकर स्थिति होगी। उस बफर स्टाक को पूरा करने के लिए ही हम इम्पोर्ट की सोचते हैं।

हमारा तो दृष्टिकोण एक तरफा नहीं रहा, हम जहां चाहते हैं कि किसानों को उनके उत्पादन का ज्यादा मूल्य मिले वहीं यह भी सोचते हैं कि उनकी कीमत इतना आगे न बढ़ जाये कि उपभोक्ताओं की क्रय क्षमता से अधिक हो जाये और उनको मिले ही नहीं। साथ ही जो प्रोड्यूसर बीच में है, जो इंडस्ट्री है, उसको भी चीजें ठीक कीमत पर मिलती रहे, इसे भी देखना है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, हमारे बहुत सारे सदस्यों ने इसमें बहुत अच्छे अच्छे सुझाव दिए हैं, मैं उनसे लाभ उठाना चाहूंगा। मगर मैं यह कहना चाहूंगा कि ऐसे बहुत कम सुझाव आए, लेकिन मैं बराबर यह चाहता रहा क्योंकि मैं उतनी ही गंभीरता से सोचता हूं कि माननीय सदस्यों की तरफ से जो सुझाव आते हों, उनको लागू करके, उनको कार्यान्वित करके कीमतों पर लगाम लगा सकूं, उसको रोकने में सफल हो सकूं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, हमारे वी० नारायणस्वामी जी ने यह बताया कि

जो फिगर हमने दिया है, वह सही नहीं है। मैंने फिगर के संबंध में बताया कि हमारे पास जो फिगर हैं, ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : उनकी पत्नी उनको कहती है कि भाव बढ़ गए हैं।

श्री डी० एल० बैठा : जहां तक पत्नी की बात है। क्या होता है कि कभी-कभी बातों को ठीक से समझाए बगैर हम जो लोग बोलते हैं, उसके चक्कर में आ जाते हैं। तो मैं नारायणस्वामी जी से कहूंगा कि आप अध्ययन करके, जो इनकी पत्नी इनको कहती है, उसकी वस्तुस्थिति उनको ठीक से समझाएं ताकि उनको सही स्थिति का ज्ञान हो सके।

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : बहनजी ... बोलने जाती है तो कहती है कि दाम बहुत बढ़ गए हैं।

श्री कैलाशपति मिश्र : उपसभाध्यक्ष महोदय, यह कह रहे हैं कि पत्नी की बात न मानें ...(**व्यवधान**)...

SHRI V. NARAYANASAMY: The Minister may not have heard from his wife what is the price of oil, pulses and all that.

SHRI D. L. BAITHA: Now it has come down.

नारायणस्वामी जी ने इस बात की चर्चा की कि प्राइम मिनिस्टर साहब ने इस प्राइस राइज के संबंध में चिंता व्यक्त की है, सही बात है, प्राइम मिनिस्टर साहब ने चिंता व्यक्त की है। गत बार जब डिबेट हुई थी तब माननीय सदस्यों ने कहा था कि अगर इसी प्रकार से गति रही तो शक नहीं है कि मूल्य वृद्धि दो डिजिट से ज्यादा बढ़ जाएगी। मगर आपको यह मानना पड़ेगा कि सरकार इतनी सचेष्ट रही कि दो अंकों में प्रतिशत रेट नहीं बढ़ पायी बल्कि बहुत कम गयी है। सरकार बिल्कुल सजग है और जितना भी हम मूल्यों को नियंत्रित कर सकते हैं, उसको करने में सफल होंगे और मूल्य नीचे आएंगे।

हमारे नारायणस्वामी जी ने यह भी कहा, और भी कई माननीय सदस्यों ने कहा कि हमारे जो कानून हैं, उसका ठीक से अनुपालन नहीं किया जाता, उसे कड़ाई से लागू नहीं किया जाता। हमारे मिश्र जी ने कहा, कि बार-बार आप कहते हैं कि कड़ाई से अनुपालन करेंगे। तो आप हमारे साथ सहमत होंगे कि जहां तक मूल्यों पर नियंत्रण या कानून को कड़ाई से लागू करने की बात है, आप जानते हैं कि हमको राज्य सरकारों के सहयोग से इस काम को करना पड़ता है। हमारी कोशिश रहती है, हम राज्य सरकारों के मंत्रियों को बुलाते हैं, उनको बताने की कोशिश करते हैं कि आज देश में अगर हम कीमतों की वृद्धि पर काबू पाना चाहते हैं ...(**व्यवधान**)... तो कानूनों को कड़ाई से लागू करना होगा।

DR. YELAMANCHILI SIVAJI: Is the Centre cooperating with the State Governments.. *(.Interruptions)*.. .

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): As far as the Essential Commodities Act is concerned....

DR. YELAMANCHILI SIVAJI: Is the Centre cooperating with the State Governments to control the prices and supply essential commodities for the poorer people at lower level?

(Interruptions)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI:) The Act is with the State Government.

(Interruptions)

SHRI V. NARAYANASAMY: The measure is with you .... *(Interrup**

[Shri D. L. Baitha]

*tions)*___ You have stopped giving people for three, four months.

(Interruptions)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): I also was the Minister of Civil Supplies in Maharashtra. I know that the Essential Commodities Act is to be implemented by the State •Government. The Central Government gives only the guidelines. That is all.

SHRI D L. BAITHA: We are giving the guidelines,

और हम लोगों ने सिर्फ उन्हें गाइडलाईंस ही नहीं दी बल्कि सम्मेलन में मंत्रीगणों को बुलाकर कहा है कि गाइड-लाईंस के मुताबिक काम करो। महोदय, मुझे आश्चर्य होता है कि हमारे माननीय सदस्य श्री चित बसु जब बोल रहे थे तो वह कह रहे थे कि हमारे यहां सप्लाई आवश्यकता से कम हुई। वे यहां हैं नहीं, लेकिन मैं यह फिगर पढ़ना चाहता हूं कि हमने कितना एलाटमेंट किया है, और राज्य सरकार की क्या डिमांड है। अब यहां तक लिस्ट की बात है, मैं यदि सदस्यों की फिगर्स पढ़ूं तो समय ठीक अधिक लग जाएगा--आंध्र प्रदेश में एलोकेशन हुआ, जनवरी में हजार टन और उसका आफ टेक था 8.2 हजार टन। बाकी राज्य सरकार ने लिया नहीं। उसी प्रकार से अब से जब कि पहले महीने में इतना कम आफ टेक हुआ तो उसी हिसाब से फिर हम एक रैशनल कट करते हैं। उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं यहां यह भी कह दूं कि राज्य सरकारों की जो पूरी डिमांड है वह पूरी आपूर्ति तो राज्यों को हम नहीं करते हैं वह पूरी डिमांड.... **(व्यवधान).....**आप जरा धैर्य रखिए मैं बताता हूं।

DR. YELAMANCHILI SIVAJI: What is that commodity about which you mentioned 21,000 tonnes?

SKRI D. L. BAITHA: Keep patience. 1 - will just tell you.

DR. YELAMANCHILI SIVAJI: What commodity is it?

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई): आंध्र के लिए बताया न आपको।

श्री डी०एल० बैठा : यह तो जनवरी में खीर के बारे में बताया।

DR. YELAMANCHILI SIVAJI: What is not eaten in Andhra Pradesh. Talk about rice in Andhra Pradesh.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): No. Please sit down. *(Interruptions)*

DR. YELAMANCHILI SIVAJI: What is the fun of it?

श्री डी० एल० बैठा : महोदय, एक बात मैं पहले यह कह दूं कि हम लोग जो खाद्य पदार्थ राज्यों को देते हैं उसका मतलब यह नहीं है कि जितनी राज्य की डिमांड है को अपने यहां जो खाद्य उपलब्ध है उसको वह हम सब पूरा करते हैं। राज्य सरकार या हम उसको मात्र सप्लीमेंट करते हैं। मैं फिर बताता हूं कि जनवरी में उनका एलोकेशन 21 हजार टन का था और आफ टेक हुआ 8.2 हजार टन फरवरी में 21 हजार टन आवंटन की डिमांड थी, आफ टेक हुआ 9.3 हजार टन।

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई): डिमांड स्टेट गवर्नमेंट की थी ?

श्री डी० एल० बैठा : एलोकेशन हम करते हैं। फिर मार्च में एलोकेशन हुआ। 21 हजार टन और और उठा या 10.8 उसी तरह से अप्रैल में··· **(व्यवधान)** ...

DR. YELAMANCHILI SIVAJI: As far as whear is concerned, it is irrelevant. Let the Minister speak of rice in Andhra Pradesh.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Please. You have to wait.

SHRI KAILASH PATI MISHRA: A point of order.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): A point of information or a point of order?

श्री कैलाश पति मिश्र : पाइंट आफ आर्डर कि जो राज्य गेहूं नहीं खाते चावल खाते हैं, उनको गेहूं सप्लाय किया जाता है या चावल सप्लाय किया जाता है।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): This is no point of order.

DR. YELAMANCHILI SIVAJI: What is the fun of speaking about wheat when rice is eaten?

श्री डी०एल० बैठा : महोदय, इस सिलसिले में मैं एक बात आपकी जानकारी के लिए कह दूं कि हम लोगों की नीति है कि ऐसे राज्यों में भी जहां सिर्फ चावल खाते हों उनको गेहूं खाने की आदत डाली जाये और जो गेहूं वाले राज्य हैं उनमें चावल खाने की आदत पाली जाय ताकि एक ऐसी फूड हैबिट बन जाय जिससे कि काम चल सके ।

कल्याण मंत्रालय की राज्य मंत्री (डा० राजेन्द्र कुमारी वाजपेयी) : सब खाना चाहिए ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI:): Please don't give all the figures. Only one or two figures are enough. The picture will emerge.

SHRI V. NARAYANASAMY: You tell something about West Bengal.

DR YELAMANCHILI SIVAJI: Let him quote the figures of rice.

SHRI D. L. BAITHA: I am quoting about rice also. *(^terruptions)*

DR. YELAMANCHILI SIVAJI: We are prepared to eat whatever they want.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Why don't you hear him? He is coming to it.

DR. YELAMANCHILI SIVAJI: I am quoting the figures of rice also. For Andhra Pradesh there was allor cation of 10,000 tonnes, and they could lift only 9,500 tonnes.

SHRI D. L. BAITHA: Now, I am coming to Rajasthan. It is only for Andhra. We have got figures for all the States. I must read out the figures about West Bengal also. So far as rice for Andhra is concerned, the allocation was 100,000 tonnes and they could lift 112.3 thousand tonnes. Similarly in February 1988, allocation was 70,000 tonnes and they could lift 88.3 thousand tonnes. In March allocation was 60,000 tonnes and they could lift only 56,000 tonnes.

SHRI G. SWAMINATHAN: How can they lift more than the allocation?

SHRI D. L. BAITHA: The allocation was there but we have our stocks. They can sometimes get more and then adjust it later on.

SHRI G. SWAMINATHAN: Can they get more then what you allocate?

SHRI D. L. BAITHA: Yes, but later on we adjust it. In March the allocation was 60,000 tonnes and they could lift only 57.8 thousand tonnes. Now, I am quoting the October figure which is available with me. In October the allocation was 80,000 tonnes and the lifting was also 80,000 tonnes.

DR. YELAMANCHILI SIVAJI: What was the demand from the State Government?

SHRI D -L. BAITHA: Demand is not with me but had there been more lifting, then we could have considered that also. *(Interruptions).* As I have stated, there is more lifting here, but in October there was no more lifting.

[Shri D. L. Baitha]

Similarly, so far as West Bengal is concerned, in January 1988 the wheat allocation was 126,000 tonnes and they could lift only 79,900 tonnes. In February, allocation was 126,000 ton-nes and off-take 95,400 tonnes. Now, I am quoting figures of October. Allocation was 80,000 tonnes and lifting was 82,900 tonnes.

SHRI MOTURU HANUMANTHA RAO: You say they have lifted more than what you have allocated.

SHRI D. L. BAITHA: Later on it is adjusted. On the basis of lifting we adjust it in the next month allotment.

SHRI MOTURU HANUMANTHA RAO: The complaint that hon. Chitta Basu was making was that the allocation itself is cut drastically.

SHRI D. L. BAITHA: Suppose if you are not able to lift, then naturally we cut down.

Now, so far as rice is concerned, West Bengal allotment of January 1988 was 126,000 tonnes, but they could lift 79,900 tonnes. In February, 126,000 tonnes was the allotment but they could lift only 95,400 tonnes. In March it was 100,000 tonnes and they could lift only 83,500 tonnes.. In October allocation was 80,000 tonnes, and they could lift 82,900 tonnes.

Now, Mr. Chitta Basu's allegation was that substandard rice was supplied.

SHRI MOTURU HANUMANTHA RAO: Exactly that is why they have taken less. One hundred per cent of rice supplied was sub-standard. That is what he was saying.

SHRI D. L. BAITHA: Please have patience, to listen to me flrst. Then speak please.

उन्होंने यह बताया कि सब - स्टेंडर्ड राइस उन्हें दिया गया।

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) रिजेक्ट हुआ था। They have again sent it.

श्री डी० एल० बैठा : हमारे यहां यह सिस्टम है कि जो हम सप्लाई करते हैं, उसकी फूड अडल्ट्रेशन ऐक्ट के अंतर्गत जांच होनी चाहिए। सब स्टेंडर्ड राइस वह चैक करके ले जाते हैं, उसका सैंपल देते हैं, उसके मुताबिक लेते हैं, अगर वह सही नहीं है तो वे रिजेक्ट कर सकते हैं। उनका हमारे ऊपर मुकदमा चलाने का भी अधिकार है। उनके आदमी ने जब चैक किया तो उन्होंने सब स्टेंडर्ड कैसे लिया यह समझ में नहीं आता। सब स्टेंडर्ड राइस हम लोगों के कंजप्शन के लिए नहीं देते हैं। हम दूसरे परपज के लिए उसको बेचते हैं। मगर सब स्टडर्ड राइस की आपूर्ति हुई है तो उसकी जिम्मेदारी हमारी है, लेकिन आपूर्ति के बाद अगर अच्छा राइस हटाकर उसमें सब स्टेंडर्ड राइस दिया है तो यह स्टेट गवनमेंट की जिम्मेदारी होनी चाहिए। इसमें दोष हमारा नहीं है।

Why the State Government could not take action against the officers who are responsible for it?

एफ० सी० आई० की आपूर्ति अगर सब स्टेंडर्ड है, हवीट या राइस की तो वे हम पर मुकदमा कर सकते हैं फूड अडल्ट्रेशन ऐक्ट में। लेकिन जब उन्होंने चैक करके लिया तो फिर यह सब स्टेंडर्ड कैसे हो गया।

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : ख्याल से आपके इंस्ट्रक्शंस हैं कि उसमें स्टेट गवर्नमेंट और व्यापारिक प्रतिनिधि भी होते हैं...

श्री डी० एल० बैठा : उसका भी रिप्रेजेन्टेशन रहता है। तो यह कहना सही नहीं है कि सब स्टेंडर्ड राइस हमने सप्लाई किया। हां उनके राज्य में जो अफसरों पर नियंत्रण होना चाहिए, हम नहीं जानते वह कितना करते हैं। अगर दोष है तो उनका है। चित्त बसु जी से हम अनुरोध करेंगे कि राज्य सरकारों पर वह दबाव डालें और देखें कि ऐसा क्यों होता है। एक उदाहरण पहले का है जैसे हमारे स्वामी जी ने बताया कि

हमने यहां से ऐडिबल आयल सप्लाई किया और वह बहुत सारी दूकानों पर ठीक सप्लाई हुआ, लेकिन एक दुकान में जो ऐडिबल आयल था उसके इस्तेमाल करने वालों को लक्वा मार गया । कुछ लोग मर गए । इसका मतलब यह था कि ऐडिबल आयल ठीक था, मगर उस दुकानदार ने ऐडल्ट्रेशन की। इस पर राज्य सरकार को कार्यवाही करनी चाहिए थी । हमको दोष देना ठीक नहीं होगा ।

मान्यवर, वनस्पति प्राइस के बारे में भी कहा गया । वनस्पति प्राइस के संबंध में मैं बताना चाहूंगा कि हमारे यहां ऐसा था कि हम कंसेशनल रेट पर 15 हजार रुपए टन पर 40 प्रतिशत वनस्पति उद्योग को इंपोर्टेड आयल देते थे और उनसे हमारा ऐग्रीमेंट था कि बालंटरी प्राइस 350 रुपया वह रखेंगे । मगर जसा अभी माननीय सदस्यों ने बताया हमारा किसान जो तिलहनों का उत्पादन करता है, मूंगफली का उत्पादन करता है, उसकी कीमतें गिरती जा रही हैं । तो हमने उसको रोकने के खयाल से इंपोर्टेड तेल को जो हम कंसेशनल रेट पर देते थे, वह बंद कर दिया । दूसरे हमने 19 हजार रुपए टन का कामर्शियल रेट रखा हुआ था उनके लिए जो कामर्शियल रेट पर उठाते थे । उनके लिए हमने तय किया है कि पहली दिसम्बर से उनको कंसेशनल रेट पर नहीं दिया जाएगा । वह इसलिए किया कि हमारी जो तिलहनों की कीमतें गिरती जा रही हैं, वह नहीं गिर पायें ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Only from the 1st December.

श्री डी० एल० बैठा : यही नहीं, हमने जो ग्राऊंड नट का सालवेंट ऐक्सट्रेक्ट है, वह यूज करने के लिए आदेश दिया है ताकि ऐडिबल आयल का इंडिजेनस बास्केट हमारा बढ़े । अब इस में हो सकता है कि समय लगे क्योंकि पहली दिसम्बर से यह लागू हो रहा है । इसमें प्राइस फ्लक्चुएट कर सकती है । मेरा विश्वास है प्राइस बढ़ेगी नहीं, बल्कि थोड़े समय बाद कुछ प्राइस स्टेबल कर जायेगी । जिन कुछ लोगों ने बढ़ाई है उनकी बिक्री नहीं हो सकी । हालांकि हम लोग वाच कर रहे हैं । अगर प्राइस ज्यादा बढ़ी तो हम उस पर पाबन्दी लग.येंगे ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): You should take action against those persons.

SHRI MOTURU HANUMANTHA RAO: May I draw his attention to one fact? Seeing to the fate of the farmers and the drought condition, the prices of oil seeds are mounting the vanaspati prices are raised. *(Interruptions)*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JA GESH DESAI): That also is from lst of December and the prices went up earlier ..... *(Interruptions)* _____

SHRI D. L. BAITHA: That is only due to speculation. *(Interruptions).* We are watching the situation.

SHRI MOTURU HANUMANTHA RAO: They would purchase at a dis tress price from the farmers and here, they would sell it at a higher price. This is happening repeatedly. We do not understand this.

श्री डी०एल० बैठा : जहां तक हमारे माननीय सदस्यों ने यह बताया कि जब यह कानून कड़ाई से लागू होता है तो बड़े बिजनैसमैन कानून के शिकंजे में नहीं लाये जाते बल्कि गरीब आदमी को कानून का बिकटिम होना पड़ता है । महोदय, मैं आपको यह फिगर देकर बताना चाहता हूं कि कितनी बड़ी संख्या में रेड्स हुए हैं और कितने लोग अरेस्ट हुए हैं । इसमें जो अरेस्ट हुए हैं उसमें कमजोर और गरीब आदमी की बात नहीं है बल्कि गरीब आदमी को तंग करने की मनाही है । ऐसे लोग जो बड़े-बड़े बिजनेस मैन है और जो इस कानून के खिलाफ काम करते हैं उनको पकड़ कर कानून की गिरफ्त में लाया जाता है और सजा दी जाती है। As far as Andhra Pradesh is concerned, 4036 raids were conducted, 1007 persons were arrested, 69 persons were prosecuted and 38 persons were convicted. Value of goods confiscated

[श्री डी० एल० बैठा]

Rs. 20.38 crores iu September. In Assam, 1,612 raids were conducted, one person was arrested, 26 persons were prosecuted. *(Interruptions).*

SHRI V. NARAYANASAMY: Only one person was arrested!

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JA-GESH DESAI): It depends upon the raid. ,

SHRl D. L. BAITHA; We have asked the State Government to explain it. Value of goods confiscated, Rs. 2.80 crores. In Arunachal Pradesh, seven raid were conducted, no person was arrested, seven persons were prosecuted and no person was convicted.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): I think, the State Government is doing it.

SHRI V. NARAYANASAMY: How they are strengthening the public distribution system?

SHRI D. L. BAITHA: I may assure the hon. Members that we shall take all the steps to impress upon the State Governments...

(Inteiruptions)

SHRI V. NARAYANASAMY: We do not know what steps were taken.

SHRI D. L. BAITHA: We can only impress upon the State Government to monitor the situation. What else we can do? *(Interruptions).* Th? State Governments also want that the prices do not increase. *(Interruptions)*

SHRI V. NARAYANASAMY: They can give guidelines.

SHRI I). L. BAITHA: Yes, we have given guidelines. We are monitoring also. We are holding conferences.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JA GESH DESAI): What you are doing about imports?

SHRI D'. L. BAITHA: We are not at all bent upon future imports. We are only seeing that there should not be unreasonable rise of prices. *(Interruptions)* .

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Mr. Narayanasamy, you know it.

श्री डी०एल० बैठा : अब श्री चित्ता बसु जी ने रिलीफ के बारे में कहा । यह तो बाढ़ की बात थी, इसलिए वहां दिया गया, सफाई किया गया । यह केन्द्रीय सरकार ने दिया और एफ.सी.आई. की तरफ से अच्छा गेहूं दिया गया । उसमें स्टेट गवर्नमेंट ने क्या किया, हम नहीं जानते । लेकिन मैं फिर उनको विश्वास दिलाना चाहता हूं कि हमारा एक्शन इस आधार पर नहीं होता है कि कहां पर किस पार्टी की सरकार है । हम लोग फंडामेन्टल्स के बारे में और उनकी एलोटमेंट के बारे में कोई भेदभाव नहीं करते हैं । उनके दिमाग में पुरानी बात रही होगी । हम लोगों की तरफ से ऐसी कोई बात नहीं है कि कोई दलीय आधार पर या राजनैतिक आधार पर कोई काम करते हैं । आपने देखा होगा कि सबसे अधिक एलोटमेंट केरल को की गई है, वेस्ट बंगाल को दिया है ।

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : आपने महाराष्ट्र के लिए कम कर दिया है ।

श्री डी० एल० बैठा : मैंने खुद अपने बिहार के लिए कम कर दिया है । श्री जेठमलानी जी ने कुछ बातें एग्रीकल्चर के बारे में उठाई हैं ।

SHRI MOTURU HANUMANTHA RAO': In spite of your giving, they are the States suffering the most.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI); Mr. Minister, please deal with the important points on which you are going to make some policy announcements. Otherwise, you need not deal with all the points

raised. We want something from you. You please announce that.

श्री डी० एल० बैठा : वैजीटेबल और फूड्स के बारे में भी कहा गया है । इनके बारे में मैं कहना चाहता हूं कि इनकी कीमतें फ्लक्चुएट करती रहती हैं । आपको पता है कि ये पेरिसेबल गुड्ज हैं । लेकिन हमारी कोशिश रहती है कि किसानों को और उत्पादकों को, सब्जी और फल उत्पादकों को, घाटे का सामना न करना पड़े । ये चीजें पेरिसेबल होने से खत्म हो जाती हैं, इसलिए हमारी कोशिश रहती है कि उत्पादकों को इनकी वाजिब कीमत मिले। हमारे जो कोआपरेटिव की दुकानें हैं और सुपर बाजार हैं, उनके माध्यम से हम इनको रीजनेबल कीमत पर देने की कोशिश करते हैं ।

जहां तक प्रोक्योरमेंट प्राइस का सवाल है, हमारी कोशिश है कि कोई भी अननेसेसरी खर्चा उसमें न हो और उसमें जो वेस्टफुल एक्सपेंडीचर होता है उसको हम घटाने की कोशिश करते हैं । लेकिन कुछ चीजें ऐसी होती हैं जिनको काट करना मुश्किल होता है जैसे हमको ज्यादा मजदूर लगाने पड़ते हैं और उनकी मजदूरी भी बढ़ गई है । इसको हमें देखना होता है । कुछ चीजें ऐसा होती हैं जिन पर हमारा कंट्रोल नहीं होता है । लेकिन वेस्टफुल एक्सपेंडीचर को हम कम करने की कोशिश करते हैं । हमारी ये कोशिश रहती है कि ज्यादा से ज्यादा वेस्टफुल एक्सपेंडीचर को कम कर दिया जाय ताकि हम कास्ट कम कर सकें ।

श्री चतुरानन मिश्र जी ने कई बातें उठाई हैं और शुगर के प्रोडक्शन के बारे में कहा ।

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : वह तो हो गया ।

Are you going to increase the allotment to States or not? They are interested in that. Are you in a position to do it or not? What I say is that though the prices have gone t;P by 10 per cent, the index for foodgrains has gone up by 18 per cent. That is the report of the PTI. What is your position?

श्री डी०एल० बैठा : इस सिलसिले में मैं कहना चाहूंगा कि हमने इसको रेशनेलाइज किया है, रेड्यूस नहीं किया है । जहां पर लिफ्टिंग कम है वहां कम किया है और जहां पर ज्यादा है वहां बढ़ाया जा रहा है आन दी बेसिस आफ लास्ट मन्थ लिफ्टिंग । जहां पर आफ टेक ज्यादा हुआ है वहां पर यह ज्यादा हुआ है । हमने तो इसको रेशनेलाइज किया है ।

पेट्रोल के प्राइसेज के बारे में कहा गया । ये तो बढ़ाई नहीं गई है और किसानों की उत्पादित वस्तुओं के बारे में कहा गया है एक चीज इसमें यह है कि हमने सपोर्ट प्राइस दी है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वे ज्यादा दाम पर मार्केट में नहीं बेच सकते हैं । अगर किसानों को मार्केट में ज्यादा प्राइस मिलते हैं तो उनको बच सकते हैं । हमने तो मिनिमम प्राइस फिक्स की है । अगर उससे कम पर उत्पादकों की कीमतें गिरने लगती हैं तो हम जाकर खरीदते हैं । उनको इसमें कोई रुकावट नहीं है कि अगर उनको ज्यादा दाम मिलते हैं तो वे नहीं बेच सकते हैं । इसलिए यह कहना गलत होगा । किसानों के लिए जो सपोर्ट प्राइस रखी गई है वह किसी भी तरह से नुकसानदेह नहीं है । वे ज्यादा कीमत पर बाजार में बेच सकते हैं, इस पर कोई प्रतिबन्ध नहीं है । मैंने एसेंशियल कामोडिटीज के संबंध में अपने को माननीय सदस्यों की भावनाओं के साथ जोड़ा है और मेरी कोशिश रहेगी कि सरकार इस सिलसिले में जो भी कदम उठाना जरूरी होगा, जरूर उठायेगी ताकि अनावश्यक वृद्धि कीमतों में न हो ।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं उन माननीय सदस्यों को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने इतने महत्वपूर्ण सवाल पर अपने सुझाव दिये हैं । मैं यह आश्वासन देता हूं कि हम उनके सुझावों को यथाशक्ति कार्यान्वित करने की कोशिश करेंगे ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): The House stands adjourned a;id will meet again at 11 A.M. on Monday, the 5th December, 1988.

The House then adjourned at thirty-one minutes past six of the Clock, ti!l elever: of the Clock, on Monday, the 5th December, 1988.